राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर शहीदों को श्रद्धा–सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

राज्यपाल श्री बागडे से राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ की मुलाकात

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) के अवसर पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व होम करने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए श्रद्धा–सुमन अर्पित किए है। सशस्त्र झंडा दिवस के संदर्भ में राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने राजभवन पहुंच कर प्रतीक रूप में उनके तिरंगे झंडे का स्टीकर लगाया। राज्यपाल ने इस दौरान पूर्व सैनिकों के लिए अपनी ओर से सहयोग राशि भी प्रदान की।

राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस शहीदो एवं उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर हैं। उन्होंने इस अवसर पर सैनिको और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए सभी से सामर्थ्य अनुसार उदारता पूर्वक सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सहस्त्र सेना झण्डा दिवस पर देश के सभी जवानों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और समस्त देश–प्रदेशवासियों को बधाई भी दी है।

————